मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-391
05/08/2020

मुख्यमंत्री ने खगड़िया, सहरसा एवं दरभंगा में नाव डूबने की घटना पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 अगस्त 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने खगड़िया जिलान्तर्गत बूढ़ी गंडक नदी में एकनिया दियारा के पास हुये नाव हादसे, सहरसा जिलान्तर्गत कोसी नदी में चिरैया ओ0पी0 के निकट हुये नाव हादसे तथा दरभंगा जिला के हायाघाट थानान्तर्गत हुये नाव हादसे में मृत लोगों के प्रति गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना काफी दुखद है।

मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को सभी मृतकों के आश्रितों को अविलम्ब अनुग्रह राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

******